प्रेस विज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 27.02.2023

इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना, बिहार को इंडियन बैंक का सहयोग

चेन्नै, 27 फरवरी, 2023 – सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना, बिहार को इंडियन बैंक द्वारा 190 स्ट्रेचर एवं 50 व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

बैंक की ओर से, **श्री एस एल जैन, एमडी एवं सीईओ** ने **डॉ. प्रोफेसर बिन्दे कुमार, निदेशक, आईजीआईएमएस** को इक्विपमेंट्स सौंपे। अपने सम्बोधन में श्री जैन ने, देश में स्वास्थ्य सेवाओं हेतु आधारभूत सुविधाओं की बढ़ती ज़रूरतों एवं इस क्षेत्र में इंडियन बैंक के यथासंभव योगदान देने की प्रतिबद्धता पर बल दिया। स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से लेकर एंबुलेंस और हेल्थ एटीएम का वितरण कर, बैंक ने बेंगलुरू, गांधीनगर, लखनऊ एवं अन्य केन्द्रों सहित देशभर में सहायता प्रदान की है।

इस अवसर पर, आईजीआईएमएस, पटना की टीम के साथ कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, पटना से महाप्रबंधकगण तथा कार्यपालक निदेशकगण, श्री इमरान अमीन सिद्दीक़ी, श्री अश्वनी कुमार व श्री महेश कुमार बजाज एवं बोर्ड सदस्य उपास्थित रहे।